



नवभारत
इंदौर, गुरुवार, 29 जनवरी, 2026



## तामसी भोजन करने से दिमाग गर्म रहता है, लड़ाई झगडे के लिए मन करता है





**▸ श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस 21 कन्याओं के नि:शुल्क विवाह समारोह में माताजी पूजन, मंडप, मेहंदी एवं माताजी पूजन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया**

**उन्हेल।** श्रीमद्‌भागवत कथा समिति द्वारा सुप्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक वृन्दावनवासी परम पूज्य गोरांगी गौरी महाराज के मुखारबिंद से स्थानीय नया बस स्टैंड स्थित मैदान में चल रही कथा के पंचम दिवस का विशेष आकर्षण नन्द महोत्सव, श्रीकृष्ण बाललीला, एवं गोवर्धन पूजन रहा देवीजी ने माह के पावन मास में जी की दिव्यमयी वाणी में आयोजित सप्तदिवसीय कथा के पंचम दिवस का शुभारंभ अत्यंत मधुर राधे कृष्ण संकीर्तन के साथ किया गया।जिससे सम्पूर्ण प्रांगण राधामयी हो उठा । भगवान की माया अत्यंत प्रबल है इसने बड़े से बड़े संतों, देवताओं की मति हर ली है।तो हमारा इस माया बन्धन से बचना बिल्कुल भी आसान नहीं है।देवी जी ने बताया कि जीवन में किसी न किसी का भय होना अत्यंत जरूरी है क्योंकि भय के कारण हम गलत कार्यों से बच जाते हैं। रावण और कंस अत्यंत बलवान थे लेकिन जीवन में किसी का भय नहीं था जिसके कारण उनकी यह दुर्गति हुई । भोजन का महत्व बताते हुवे दीदी ने बताया की भोजन का जुड़ाव सीधा मन से होता है; पढने वाले बच्चो को भोजन पर विशेष ध्यान देना चाहिए उन्हें जंक फूड, पेस्टी, पिज़्ज़ा और चाइनिस भोजन का त्याग करना चाहिए। तामसी भोजन करने से दिमाग गर्म रहता है लड़ाई झगडे के लिए मन करता है।यह इंसान मन को शांत करना चाहता है तो अल्प और सात्विक आहार लेना चाहिए।दीदी ने समिति के संरक्षक एवं विधायक डॉ. सतीश मालवीय एवं संयोजक सचिन पाटनी सहित समस्त कथा समिति के प्रत्येक सदस्य के प्रति बड़े ही भाव विभौर शब्दों में धन्यवाद किया और कहा की नि:स्वार्थ भाव से समिति के सदस्य यह वृहत स्वरूप में पावन पुनीत कार्य कर रहे है।

समिति द्वारा नगर एवं क्षेत्र की निर्धन कन्याओं के नि:शुल्क विवाह समारोह में इस वर्ष इक्कीस कन्याओं के नि:शुल्क विवाह समारोह बुधवार को कन्याओं के माताजी पूजन के कार्यक्रम से प्रारंभ हुआ। नगर के प्रमुख मार्गो से 21 कन्याओं का माताजी पूजन बेंड बाजो के साथ कथा पांडाल में पहुंचा। बुधवार को कथा विश्राम के पश्चात सांयकाल में मंडप, मेहंदी तथा रात्रिकालीन समय में महिला संगीत का कार्यक्रम का आयोजन पांडाल में कथा समिति द्वारा किया गया। अश्विन मारू ने बताया की कन्यादान में आमजनमानस द्वारा बढ़ चढ़ कर दान दिया जा रहा है। मंगलवार को रुक्मणी विवाह के लाभार्थी रामसिंह सिद्धू सोलंकी परिवार, कथा में श्रीकृष्णजी की बारात का लाभ रामचंद्र गणपत सुनेरी परिवार ने लिया। व्यास पीठ की आरती का लाभ क्षेत्र के विधायक और समिति के संरक्षक डॉ. सतीश मालवीय, महंत महावीर नाथ, राजकुमार जैन, विकास जायसवाल, मयूर जैन, पवन सांकला, उमेश जाट, श्याम मोडावत, हाकम सिंह खलाना, विक्रम आंजना, पोरवाल युवा संघटन, मनकामनेश्वर महिला मंडल, भूतेश्वर महादेव महिला मंडल ने लिया।

## उज्जैन की बेटी बनी प्रदेश और लोकसंस्कृति का गौरव

**उज्जैन। घुमन्तू समुदायों की विलुप्तप्राय भाषाओं के संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय, नवाचारी एवं शोधपरक कार्य के लिए उज्जैन की बेटी डॉ. दीपिका रायकवार को राजकीय स्तर पर प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह गौरवपूर्ण सम्मान 26 जनवरी को भोपाल में आयोजित राजकीय समारोह के दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के करकमलों से प्रदान किया गया।**

यह उपलब्धि न केवल डॉ. दीपिका रायकवार की व्यक्तिगत साधना और समर्पण का परिचायक है, बल्कि उज्जैन नगरी के लिए गर्व का विषय भी है।लोकसंस्कृति, भाषा और ज्ञान-परंपरा की भूमि उज्जैन की यह बेटी आज प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में विलुप्तप्राय भाषाओं के संरक्षण का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई है।

यह प्रशंसा-पत्र जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद (संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन) द्वारा घुमन्तू समुदाय 'बांछड़ा' की विलुप्तप्राय भाषा के संरक्षण हेतु विकसित टॉकिंग डिक्शनरी के निर्माण में किए गए नवाचारी प्रयोग के लिए प्रदान किया गया। इस परियोजना के माध्यम से भाषा के शब्दों के साथ-साथ उनके उच्चारण, सांस्कृतिक संदर्भ और मौखिक परंपरा को डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित किया गया है, जो भाषा संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि मानी जा रही है।

समारोह के दौरान यह उल्लेख किया गया कि इस प्रकार के शोध और तकनीकी नवाचार जनजातीय एवं घुमन्तू समुदायों की भाषाई-सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर डॉ. दीपिका रायकवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा भाषा किसी भी समुदाय की सांस्कृतिक आत्मा और पहचान होती है। बांछड़ा समुदाय की विलुप्तप्राय भाषा को संरक्षित करने का यह प्रयास उनकी परंपरा और अस्मिता को जीवंत बनाए रखने की दिशा में एक विनम्र किंतु सार्थक पहल है।

उन्होंने इस सम्मान के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री, संस्कृति विभाग एवं जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी लोक, जनजातीय एवं घुमन्तू समुदायों की भाषाओं के संरक्षण हेतु ऐसे प्रयासों को निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि उज्जैन की इस बेटी की यह उपलब्धि सम्पूर्ण उज्जैन अंचल के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत है, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि स्थानीय जड़ों से जुड़ा शोध वैश्विक महत्व भी प्राप्त कर सकता है।




## यूजीसी के काले कानून मे बदलाव को लेकर सवर्ण समाज ने सौंपा ज्ञापन

**बड़नगर।** सवर्ण समाज के बैनर तले यूजीसी के विरोध में एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया प्रदर्शनकारियों के द्वारा बुधवार को तहसीलदार रूपाली जैन को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सवर्ण समाज ने मांग की जातिगत भेदभाव को एकजुटता से रोका जाना चाहिए। यह काम साफ नीयत से करना चाहिए, सियासी नजरिये से नहीं जबकि देश में पहले से भारतीय न्याय संहिता दंड प्रक्रिया संहिता, एंटी रैंगिग नियम और एसटी/एससी एक्ट बना हुआ है तो नये जातिगत नियमों की क्या आवश्यकता है। सामान्य वर्ग की भावनाओं को समझते हुए और संविधान की आत्मा पर प्रहार न करते हुए ऐसा कानून बनाये जो जातिगत भावनाओं से नहीं बल्कि समानता की भावना से प्रेरित हो और इस कानून के तहत जो जांच कमेटी बिठाई जायेगी उसमे सवर्ण समाज के प्रतिनिधि को रखा जाए और पारदर्शिता अपनायी जाए और संवाद किया जाए।

## एनसीसीकैडेट्स ने किया शौर्य और बहादुरी का प्रदर्शन

**उज्जैन।** शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने शौर्य और बहादुरी का प्रदर्शन कर गणतंत्र दिवस मनाया। प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने तिरंगा फहराया।

एन.सी.सी. कैडेट्स ने लेफ्टिनेंट डॉ. प्रमिला बघेल के नेतृत्व में अपनी विविध आकृतियों की प्रस्तुतियां दी। सीनियर अण्डर आफिसर हर्ष सोनी, परेड कमांडर अंडर ऑफिसर रघुवीर और फॉर्मेशन कमांडर सपना कुंभकार के नेतृत्व में शानदार मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने कहा इस वर्ष 2026 में भारत का 77 वाँ गणतन्त्र दिवस मनाया जा रहा है। इसी दिन 1950 में हमारा संविधान लागू हुआ और भारत एक सम्पूर्ण गणराज्य बना। हम 77वें गणतंत्र पर वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जश्न भी मना रहे हैं। गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स सीनियर अंडर ऑफिसर रानी तंवर ने आरडीसी कैंप दिल्ली में कर्तव्य पथ पर अपना कर्तव्य निभाया और कहा कि यह महाविद्यालय परिवार के लिए बडे गौरव की बात है। रानी तंवर ने महाविद्यालय का नाम गोरान्वित किया।

आप व महाविद्यालय परिवार ने तंवर को शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन केडेट्स नीलेश व रौशनी ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम डॉ. शशि जोशी नेतृत्व में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतिया दी। कार्यक्रम के समाप्ति के पश्चात विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस अधिकारी डॉ. आयुषी पालीवाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्पोर्ट ऑफिसर डॉ. रंजीत राय, एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. प्रमिला बघेल, एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रदीप लाखरे और डॉ. आयुषी पालीवाल मंच पर उपस्थित थे।

## गरीब निसहाय, निरुपाय एवं दिव्यांग विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

**▸ शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति एवं जीजिविषा के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में किया आयोजन**

**उज्जैन। हीरा परखने वाले से पीड़ा परखने वाला ज्यादा महत्वपूर्ण होता है.. शिक्षा सफलता का ब्रह्मास्त्र है..। मोती कभी किनारे पर नहीं आते, उन्हें पाने के लिए समुद्र में उतरना ही होता है।**

उक्त प्रभावी उद्बोधन शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति एवं जीजिविषा के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय के गरीब निसहाय, निरुपाय एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के स्वेटर वितरण समारोह में अध्यक्ष की आसंदी से सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सतिंदर कौर सलूजा ने व्यक्त किये। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय ने कहा कि भविष्य को सुनहरा बनाने के लिए आपको अपनी विरासत से जुड़ना होगा। यही विद्यार्थियों की सफलता का आधार बनेगा।

विशेष अतिथि माधव सेवा न्यास के न्यासी रितेश सोनी ने कहा कि शिल्प की छैनी से सपनों को साकार करने की ताकत शिक्षक और गुरु में होती है इसलिए गुरु और शिक्षक का सम्मान कर जीवन में प्रगति के शिखर पर परचम लहराऐ। विशिष्ट अतिथि डॉ. सपना बुंदिवाल ने कहा की गीत उसी के गाऐ जाएंगे जो हर चोट पर मुस्कुराते जाएंगे। स्वेटर वितरण समारोह की संयोजक शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति की प्रीति गोयल ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को 100 से भी अधिक स्वेटर वितरण किए गए। सूत्रधार प्रधानाध्यापक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके थे।

सरस्वती वंदना प्रियंका सोलंकी एवं मनीष गुप्ता ने प्रस्तुत की। स्वागत उद्बोधन संजय अस्थाना ने प्रदान किया। इस अवसर पर समिति की सदस्याएं मंगला पंड्या, संध्या गुप्ता, संतोष अविनाश गुप्ता, वीणा के के मित्तल का स्वागत भारती गोमे, सोहन उदानियां, सीमा सिसोदिया ने किया। आभार प्रदर्शन लता शिंदे द्वारा किया गया।

### एक नजर में

## सांदीपनि विद्यालय में करियर मेले का आयोजन



**घट्टिया।** सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टिया में कैरियर मेले का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। उक्त करियर मेला लोक शिक्षण संचनालय के निर्देश अनुसार 27 से 31 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्प के बारे में अवगत कराया जाएगा, विभिन्न करियर काउंसलर, उद्यमी, तथा शिक्षाविद द्वारा विद्यार्थियों को करियर का मार्गदर्शन दिया जा रहा है। प्रारंभिक दिवस में संस्था प्राचार्य सुनील कुमार नामदेव ने बच्चों को करियर मेले के महत्व को समझाया तथा करियर काउंसलिंग इंचार्ज सुनील कुमावत ने करियर के सामान्य विकल्पों पर चर्चा की, करियर मेले को लेकर के विद्यार्थियों में उत्साह है।

## गणतंत्र दिवस पर किया निकाय के कर्मचारियों का सम्मान

**उन्हेल।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व नवीन बस स्टैंड प्रांगण उन्हेल में ध्वजारोहण कार्यक्रम नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हलकारा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रसन्न राव कोल्हटकर, कैलाशचंद्र सुनेरी, कैलाश परमार उपस्थित रहे। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा नगर के उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। नगर परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय एवं मंडल अध्यक्ष राज कुमार जैन द्वारा भी संबोधित करते हुए नगर के विकास कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पश्चात उपयंत्री लाखन वाघेला, मोहनलाल नंदेड़ा, तेजपाल गेहलोत, रोहित कपासिया का सम्मान किया गया। वहीं स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर पार्षद पप्पी अनिल नंदेडा, नागेश माली, संजय शिंदे, नासिर शाह, द्वारकाधीश सोनी, गीताबाई मनोहर लाल ढोढरिया, पूजा योगेश यति, मंजू बाला महावीर जैन, मनोहर लाल ढोढरिया, योगेश यति, चंदरलाल चौहान, गोविंद नंदेडा, तहसीलदार अनिल मोरे, थाना प्रभारी संतोष चौहान, कैलाश विपट, उपाध्यक्ष दिलीप मोदी, नंदराम धाकड़, मंगेश वर्मा, दिलीप मेहता मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय देवड़ा एवं निकाय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मालवा को किया गौरवान्वित, लालकिले पर दी पारंपरिक गणगौर की प्रस्तुति

**उज्जैन।** केंद्रीय पर्यटन विभाग द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित भारत पर्व के अंतर्गत लालकिले पर भव्य आयोजन में देश भर के 22 राज्यों लगभग 500 उत्कृष्ट कलाकारों ने अपनी-अपनी शास्त्रीय, लोक एवं जनजातीय संस्कृति को मंच पर प्रस्तुत किया। संस्था अध्यक्ष डॉ. शिव चौरसिया ने बताया कि प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था के कलाकारों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला एवं केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य में डॉ. पल्लवी किशन के निर्देशन में पारंपरिक गणगौर नृत्य की प्रस्तुति के माध्यम से मप्र का प्रतिनिधित्व किया। नृत्य निर्देशन डॉ. पल्लवी किशन, गायन प्रीति देवले, तालवाद्य बृजेश अनजान, हारमोनियम विवेक धवन, ढोलक गगन जौहरी, कलाकार लकी राठौर, नैना सिंह सोलंकी, मधु भानकर, अर्चना सिंह कुशवाह, पलक सोनी, रिद्धि सोनी, साक्षी जोशी, कावेरी कश्यप, स्नेहा तोमर, दिशा राजपुरोहित, प्रबंधन कुमार किशन ने किया।

## वॉश ऑन व्हील्स अभियान से ग्रामीण स्वच्छता में क्रांति

**▸ स्वच्छता मित्रों को का सम्मान व टी शर्ट का वितरण**

**खाचरौद।** जनपद खाचरौद में 45 दिन पूर्व जब कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कुमट के द्वारा जब बेरछा क्लस्टर अनुश्रवण शिविर में वॉश ऑन व्हील्स कार्यक्रम का शुभारम्भ किया था। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो में संस्थागत और व्यक्तिगत शौचालय की गुणवत्तापूर्ण एवं सुचारु रूप से सफाई हो जिसके क्रम में 45 दिन में खाचरोद जनपद के सफाई मित्रों ने न केवल सबसे ज्यादा शौचालयों की सफाई कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। बल्कि गांव गांव में घर घर जाकर शौचालयों की गुणवत्तापूर्ण सफाई भी की है।




इस उपलब्धि के अवसर पर जनपद खाचरौद के अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह पवार ने ब्लॉक कोर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन श्रद्धा किरनापुर सहित समस्त स्वछता मित्रों का सम्मान किया। वहीं वॉश ऑन व्हील्स टीशर्ट का अनावरण भी किया जिससे जनपद खाचरोद के सभी 9 सफाई मित्र अब नारंगी कलर वाश ऑन व्हील्स के लोगो वाली टीशर्ट पहनकर गांव गांव में जायेंगे। अवसर पर जनपद सीईओ खाचरौद गिर्राज शर्मा, ब्लॉक कोर्डिनेटर श्रद्धा किरनापुर, पंचायत इंस्पेक्टर चुन्नीलाल परमार एवं सभी सफाई मित्र उपस्थित रहे।

## श्री रविदास सेवक संघ एक फरवरी को निकलेगा विशाल चल समारोह

**उज्जैन। श्री रविदास सेवक संघ के तत्वाधान में संत श्री रविदास जी की जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन किए जाएंगे। जिसको लेकर अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी की अध्यक्षता में राजीव नगर स्थित समाज की धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संस्था के सचिव राकेश सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 1 फरवरी को संत श्री रविदास जी की जयंती के अवसर पर एक भव्य चल समारोह निकाला जाएगा।**

यह चल समारोह संपूर्ण शहर में भ्रमण करेगा, जिसमें समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा, अखाड़ा, डंडा पार्टी तथा संत रविदास जी की आकर्षक झांकियां भव्य रूप से शामिल रहेंगी। चल समारोह का समापन हीरामिल रोड स्थित महाकाल पैलेस पर होगा, जहां समाज के मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चल समारोह के पूर्व 31 जनवरी शनिवार को शाम 5 बजे से अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी के नेतृत्व में एक भव्य दोपहिया वाहन रैली निकाली जाएगी।

यह रैली हीरामिल रोड महाकाल पैलेस से प्रारंभ होकर संपूर्ण शहर में भ्रमण करते हुए कंचनपुरा स्थित संत श्री रविदास जी के मंदिर पहुंचेगी, जहां समस्त समाजजनों द्वारा भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। श्री रविदास सेवक संघ ने समाज के सभी लोगों से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।




## ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अंतर्गत ग्राम स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया

**माकड़ोन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड तराना,जिला उज्जैन के सेक्टर माकड़ोन अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पचौला द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम विकास,सामाजिक सहभागिता एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में संदीप मालवीय ने उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित किया। इस अवसर पर माकड़ोन मंडल अध्यक्ष विशाल पांडे ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता चेन सिंह झाला , चंदर सिंह तंवर द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि प्रताप भाटी ने गांव में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया। इस अवसर पर विजेन्द्र सिंह राठौड़, सुरेन्द्र सिंह, मनोहर सिंह चौधरी, हनुमंत सिंह राठौड़, बनेसिंह गुर्जर एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### एक नजर ▸ ग्रामों के विकास से ही देश का विकास संभव ह

## जैविक पद्धति ही खेती की जमीन को बचा सकती है

**बड़नगर। सनातन संस्कृति में प्रत्येक त्यौहार को मनाने के पीछे कोई ना कोई उद्देश्य जरूर है। इसी तरह ग्रामोदय अभियान भी प्रदेश एवं देश की उन्नति को ध्यान में रखकर मनाया जा रहा है। ग्रामों के विकास से ही देश का विकास संभव है।**




उक्त विचार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक स्तरीय बैठक एवं ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान कार्यक्रम को नागझिरी में संबोधित करते हुए परिषद के संभाग सामान्य शिव प्रसाद मालवीय ने व्यक्त किए। जिला समन्वय जय दीक्षित ने कहा कि ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान में विभिन्न विषयों पर प्रस्फुटन समिति द्वारा कार्यक्रम किया जा रहा है। जिस परिसर में आप और हम बैठे हैं यह परिसर जैविक एवं जल के साथ-साथ पर्यावरण के विषय को लेकर पहचाना जाता है। गोपाल डोडिया द्वारा किए गए परिश्रम का ही परिणाम है कि यह स्थल आज सभी के केंद्र में बना हुआ है। इसी तरह प्रस्फुटन समितियां अपने गांव में कार्य कर अपनी पहचान स्थापित करें। धरती मां बचाओ अभियान से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती कृपा ध्रुव ने कहा कि वर्तमान समय में बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। प्रत्येक जीव इसके चपेट में आ रहा है। आने वाले समय में खेती की भूमि नहीं बचेगी सब बंजर हो जाएगी तब की कल्पना मात्र से रूह कांप जाती है। सभी को अपनी जमीन बचाने के लिए जैविक खेती की ओर कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। विकासखंड में किए जा रहे कार्यों की रूपरेखा ब्लॉक समन्वय रेणुका श्रोत्रिय ने सभी के समक्ष रखी। कार्यक्रम में बिसाहेड़ा सरंपच प्रतिनिधि भोलाराम चौहान, रसूलाबाद सरपंच दिलीप मकवाना, उपसरपंच इंदरसिंह डोडिया, उंटवास उप सरपंच जगदीश सिंह सिसोदिया, मुकेश शर्मा भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था के पीयूष आचार्य ने किया। आभार मेन्टर आशुतोष शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं एवं नवांकुर संस्था व मेंटर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों के बीच चेरस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।